हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 24 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 35.4 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

12 शिवरात्रि पर बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय



12 बांग्लादेशियों की धरपकड़ के लिए चलाया सर्च अभियान



## खबर संक्षेप

### चरित्र पर शक के चलते पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने गांव थिराना निवासी प्रिया की हत्या के आरोपी पति रोशन लाल को गिरफ्तार कर लिया है। थाना मतलौडा प्रभारी पवन ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की डंडे से पीटकर हत्या करने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह कुछ दिन से पत्नी प्रिया के चरित्र पर शक करने लगा था। इसके चलते उसने डंडे से प्रिया के हाथ, पैर, मुंह व अन्य हिस्सों पर चोट मारी। इसके चलते प्रिया की मौत हो गई।

### बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी काबू

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने छह साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार मुकेश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी दिनेश ने वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। इधर, आरोपी को कोर्ट ने जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, वहीं इस मामले में पीडित बच्ची की माता की शिकायत पर आरोपी दिनेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(1) 65(2) 140(3) 351(3) 115(2) व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### दो लुटेरों को 10 साल का कारावास, जुर्माना किया

**पानीपत।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा की अदालत ने लूट के दो आरोपियों राकेश उर्फ राहुल और रितिक उर्फ नीता निवासी गांव नांगल कला जिला सोनीपत को दस साल के कठोर करावास की सजा सुनाई। वहीं जज शर्मा ने दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपए जुर्माना किया। जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषियों को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। दोषियों राकेश उर्फ राहुल और रितिक उर्फ नीता ने गांव जिजोला जिला शामली, उत्तर प्रदेश निवासी कादिर से हथियारों के बल पर बाइक लूटी थी।

### नशा तस्कर को कठोर कारावास की सजा

**पानीपत।** योगेश चौधरी एएसजे कम फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) की अदालत ने मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के आरोपी अनिल उर्फ लीलू पुत्र नफे सिंह को एक साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं चौधरी की अदालत ने अनिल पर 20 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर अनिल को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अनिल को पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में पकडा था और इसके खिलाफ थाना समालखा में 28 अक्टूबर 2020 को केस दर्ज करवाया था।

### शोधार्थी पुष्पा जेआरएफ परीक्षा में प्रथम रैंक पर



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की हिंदी विभाग की शोधार्थी पुष्पा ने जून 2025 में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा - जूनियर रिसर्च फेलोशिप (यूजीसी नेट जेआरएफ) परीक्षा में 100 प्रतिशत पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त कर पूरे भारत में जनरल कैटेगरी में प्रथम रैंक प्राप्त किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि यह शोधार्थी पुष्पा की कड़ी मेहनत एवं परिश्रम का परिणाम है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक व छात्रा पुष्पा के शोध निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने भी छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुष्पा ने यूजीसी नेट परीक्षा परीक्षा में 300 में से 250 अंक प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर व जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरआफ) की अनिवार्य योग्यता प्राप्त की है।

### खेल मंत्री गौरव गौतम ने किया इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 का आगाज

# युवा पीढ़ी को गीता स्थली कुरुक्षेत्र से मिलेगा धर्म-कर्म करने का संदेश

### 24 राज्यों के 600 से ज्यादा युवा पहुंचे महाकुंभ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को गीता स्थली कुरुक्षेत्र से धर्म की राह पर चलने और कर्म करने का संदेश मिलेगा। इसी पावन धरा पर हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान विश्व को कर्म की राह पर चलने के लिए गीता के उपदेश दिए थे।

- 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा अहम भूमिका अदा करेंगे

यह उपदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। इसी पावन धरा की माटी से आने वाली महक से देश के कोने-कोने से पहुंचे युवाओं को कर्म करने का संदेश मिलेगा। इस संदेश को युवा पीढ़ी अपने जीवन में धारण करेगी और देश को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी अपनी अहम भूमिका अदा करेगी। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग व कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित 25 जुलाई तक चलने वाले इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 के उदघाटन सत्र में बोल रहे थे। इससे पहले खेल मंत्री गौरव गौतम, प्रधान सचिव राजीव रजंन, निदेशक कैप्टन मनोज, मुख्यमंत्री के सलाहकार जेएस नैन, कुलपति प्रोर्फेसर सोमनाथ सचदेवा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा के प्रदेश सचिव राहुल राणा ने दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में केडीबी, आईटीआई, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व अन्य विभागों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का खेल मंत्री ने अवलोकन भी किया। इस महोत्सव के पहले दिन कार्निवल परेड मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। इस परेड में सभी 24 प्रदेशों के युवाओं ने अपने-अपने प्रदेश की वेश भूषा में शामिल हुए और यह एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। खेल मंत्री गौरव गौतम ने देशवासियों को महाशिवरात्रि के साथ-साथ इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की बधाई देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 24 राज्यों के 600 से ज्यादा युवक और युवतियों को पहुंचने का एक सुनहरा अवसर मिला है। इस पावन धरा पर आने वाले व्यक्ति को अद्भुत ऊर्जा और शक्ति मिलती है।

उन्होंने कहा कि इससे युवा देश को तेजी के साथ आगे बढ़ाने में अहम भूमिका अदा करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से भारत की युवा शक्ति देश की आत्मनिर्भरता नवाचार और वैश्विक नेतृत्व को ले जाने में सक्षम बन रही है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और इस देश का युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।



कुरुक्षेत्र। युवक-युव्वतियों के साथ खेल मंत्री गौरव गौतम। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्यक्रम 25 तक**

प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि सरकार के विशेष प्रयासों से आज खास दिन बना। इस खास दिन पर 24 राज्यों के युवाओं को एक दूसरे के साथ मिलने का अवसर मिला। इस पावन धरा पर पहली बार इस प्रकार के मंच के माध्यम से युवाओं को एक दूसरे प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को देखने का अवसर मिला। इस युवा कल्चर एक्सचेंज प्रोग्राम में विभिन्न राज्यों से आने वाले युवा अपने-अपने प्रदेश के एंबेसडर के रूप में यहां पहुंचे है। यह युवा कुरुक्षेत्र की पावन धरा से एक अच्छा अनुभव अपने साथ लेकर जाएंगे और कुरुक्षेत्र के इतिहास को अपने-अपने प्रदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। निदेशक कैप्टन मनोज ने कहा कि यह कार्यक्रम 25 जुलाई तक चलेगा और इन युवाओं को कुरुक्षेत्र के तीर्थ और पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

### लोहार माजरा में भीषण सड़क हादसा

# बस-क्रेटा की टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर





**कुरुक्षेत्र।** हादसे में क्षतिग्रस्त हुई क्रेटा कार और प्राइवेट बस।

- आमने-सामने की भिड़ंत में क्रेटा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई चालक कार में फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार को कुरुक्षेत्र-पिहोवा मार्ग पर गांव लोहार माजरा के समीप एक प्राइवेट बस व क्रेटा कार की आमने-सामने की भिड़ंत में कार सवार शिक्षक सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में क्रेटा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार का चालक कार में ही फंस गया। राहगीरों ने क्षतिग्रस्त से कार चालक को मुश्किल से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान करीब 44 वर्षीय कुलदीप और करीब 48 वर्षीय गुरदेव निवासी गांव सारसा के तौर पर हुई है। हादसे में कार सवार रोहताश व सुखदेव निवासी सारसा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शवों को कब्जे में लेकर एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। दोनों घायलों को उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राइवेट बस कुरुक्षेत्र की दिशा से आ रही थी, जबकि क्रेटा कार पिहोवा की तरफ से आ रही थी।

गांव लोहार माजरा के समीप दोनों वाहनों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार में सवार चार लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रुप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल रोहताश एलएनजेपी अस्पताल में उपचाराधीन है जबकि सुखदेव को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया लेकिन सुखदेव के परिजनों ने सुखदेव को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे 20 लाख रुपये, चार नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी क मामला दर्ज किया

आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर चार लोगों ने एक व्यक्ति से बीस लाख रुपये लेकर हड़प लिए। पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

खेड़ी रांगड़ान निवासी मोहम्मद शकील ने शिकायत में बताया कि वह कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया जाना चाहता था। उसकी मुलाकात शहर की एक फर्म में प्रोपराइटर के रुप में कार्य कर रही रमनदीप कौर से बातचीत हुई। आरोपी रमनदीप कौर ने उसे बताया कि उनकी फर्म की आस्ट्रेलिया में बड़ी कंपनियों में हिस्सेदारी है। उन्होंने उसे वर्क परमिट के लिए वीजा लगवाए जाने पर 18 से 20 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसकी बातों में आकर वह तैयार हो गया। इसके बाद आरोपित ने अलग अलग कर कभी मेडिकल, कभी प्रोसेसिंग फीस तो कभी अन्य खर्च बताकर 20 लाख रुपये ले लिए। गत जून में आरोपितों ने उसे अपने लैपटाप पर वीजा दिखाया। आरोपियों ने गत 10 जून को दिल्ली में यह कहकर बुलाया कि वर्क परमिट, ड्रेसकोड, पासपोर्ट व टिकट वहीं पर मिलेगी। जब वह दिल्ली पहुंचा तो वहां पर कोई नहीं मिला। आरोपित रमनदीप कौर से लेकर उनके पार्टनर अजय कुमार, प्रदीप कुमार व तरनप्रीत सभी के नंबर बंद मिले। उन्होंने परेशान होकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी।

# तीज महोत्सव पर सीएम सैनी देंगे कई सौगातें

- डीसी ने जरूरी व्यवस्था करने के अधिकारियों को दिए आदेश
- शिक्षकों को भी सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री, कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 28 को अंबाला शहर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत बुधवार को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला व उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस मौके पर नगर निगम कमिशनर वीरेंद्र लाठर, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, एसडीएम दर्शन कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बुधवार को नई अनाज मंडी अम्बाला शहर का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाली तीज महोत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में यहां पर शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ यहां पर विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन एवं शिलान्यास भी किया जाएगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के दृष्टिगत यहां पर साफ-सफाई, पेयजल, स्टेज, लोगों के बैठने, सुरक्षा, पार्किंग के साथ शौचालयों की व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।



**अंबाला।** कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व डीसी अजय सिंह तोमर। *फोटो : हरिभूमि*

# किराया न भरने पर निगम की 10 दुकानें होंगी सील

- करीब 22 लाख रुपये की होगी रिकवरी : निगमायुक्त
- कार्रवाई से बचने के लिए बकाया राशि जल्द करवाएं जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर निगम की दुकानों का किराया न भरने वाले किराएदारों की दुकानों को सील करने की कवायद तेज कर दी गई है।

इसके तहत टीम द्वारा टॉप 10 बकायादारों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिन्हें आगामी 29 जुलाई को सील कर कब्जे में लिया जाएगा। इन दुकानों पर 22 लाख 1 हजार 23 रुपये का बकाया है। निगमायुक्त ने बताया कि इन किराएदारों को गत सप्ताह अंतिम नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करवाने के लिए कहा गया था, परंतु उन द्वारा नोटिस की पालना नहीं की गई। अब नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा इन दुकानों को सील कर अपने कब्जे में लिया जाएगा। इन किराएदारों के विरूद्घ हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात दुकान के किराए की वसूली सम्बंधित किराएदार से की जाएगी।





### यह दुकानें होंगी सील

उन्होंने बताया कि जो दुकानें सील कर कब्जे में ली जानी हैं, उनमें हरदेव सिंह मार्केट, बांसो गेट क्षेत्र की 8 तथा कम्बोपुरा की 2 दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों पर 22 लाख 1 हजार 23 रुपये बकाया है। यह राशि ब्याज सहित है।

### किराएदारों से अपील

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में निगम के कोष में करीब 45 लाख रुपये की राशि किराए के रूप में जमा हुई है। इसमें दुकानों का किराया और बकाया, दोनो राशि शामिल हैं। उन्होंने सभी किराएदारों से अपील की है कि वह अपना किराया समय पर नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं। उन्होंने डिफॉल्टर किराएदारों को चेताते हुए कहा है कि वह सम्बंधित दुकान का किराया जल्द से जल्द नगर निगम कार्यालय में जमा करवा दें और दुकान को सील होने से बचा लें।

# अंशुल को मिला टेस्ट डेब्यू का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में हुए शामिल

करनाल जिले के गांव फाजिलपुर से ताल्लुक रखने वाले तेज़ गेंदबाज अंशुल कंबोज को इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले की प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है।

अंशुल को यह मौका अश्वदीप-आकाशदीप के अनफिट होने के चलते मिला। यह उनके करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच है। जैसे ही अंशुल के चयन की खबर सामने आई, पूरे करनाल में उत्सव का माहौल बन गया। गांव से लेकर शहर तक हर क्रिकेट प्रेमी की निगाहें अब अंशुल के प्रदर्शन पर टिक गई हैं।

### पहले भी दिखा चुके हैं दम

टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले अंशुल इंडिया-ए टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट खेले और 5 विकेट लेने के साथ एक अर्धशतक भी जड़ा। उनकी शानदार परफॉर्मेंस ही उनके डेब्यू का आधार बनी। कोच सतीश राणा ने भरोसा जताया है कि अंशुल टीम इंडिया को अच्छे मुकाम तक ले जाएंगे।

### रणजी और आईपीएल में भी दमदार रिकॉर्ड

अंशुल पहले ही रणजी और आईपीएल में अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवा चुके हैं। 2022 में उन्होंने त्रिपुरा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी से घरेलू क्रिकेट की शुरुआत की। रणजी ट्रॉफी 2023-24 में उन्होंने 10 मैचों में 17 विकेट झटके और हरियाणा को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### सरकार ने दिल्ली में 15 अगस्त को लाल किले पर कार्यक्रम में बुलाया

# घेसपूर की पंचायत को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

- ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का सौ प्रतिशत लाभ दिलवाने में ऐडी-चोटी का जोर लगा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर खंड के छोटे से गांव घेसपुर की पंचायत ने बेहतर कार्य करने पर केंद्र सरकार द्वारा 15 अगस्त को लालकिले पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार ने ग्राम पंचायत घेसपुर को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिए जाने के लिए चयनित किया गया है।

इसके लिए भारत सरकार ने गांव की महिला सरपंच को दिल्ली में लालकिले पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

महिला सरपंच कृष्णा देवी ने घेसपुर पंचायत की आमदन न होने के बावजूद उन्होंने गांव के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लगभग सौ प्रतिशत लाभ दिलवाने में ऐडी चोटी का जोर लगा दिया। जिसकी बदौलत आज गांव घेसपुर की महिला सरपंच को राष्ट्रस्तर 15 अगस्त को नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। गांव घेसपुर के ग्रामीणों को जैसा ही ग्राम पंचायत को राष्ट्रस्तर पर बेहतर कार्य करने को लेकर जिले में पहला स्थान प्राप्त होने की सूचना लगी तो वह खुशी से झुम उठे। गांव के लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। अब 15 अगस्त को गांव की महिला सरपंच कृष्णा देवी अपने बेटे कमल कुमार के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगी। जहां उन्हें विशेष अतिथि के तौर पर सरकार की ओर से आमंत्रित किया गया है। सरकार की ओर से उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विशेष निमंत्रण भेजा गया है।



सरपंच कृष्णा देवी।

**-अध्यापिका के पद से 2017 में हुई सेवानिवृत**

गांव की महिला सरपंच कृष्णा देवी ने बताया कि वह वर्ष 2017 में सरकारी स्कूल धौलरा से ड्राइंग अध्यापिका के तौर पर सेवानिवृत्त हुई थी। लगभग तीन वर्ष पहले घेसपुर के लोगों ने उन्हें चुनाव जितवाकर गांव की सरपंच चुना था। उन्होंने सरकार की ओर से हर घर जल योजना को लागू किया। जिसके तहत गांव के सभी लोगों को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव के 5 लोगों को चुनकर उन्हें इस योजना का लाभ दिलवाया। मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत 39 बच्चों को टीकाकरण के लिए चुना गया था। जिसमें से 36 बच्चों का टीकाकरण हो सका। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) के तहत 1004 लोगों ने आवेदन किया था। जिसमें से 924 लोगों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ मिला। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 81 गर्भवती महिलाओं में से 80 महिलाओं को योजना का लाभ दिया गया। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 45 लोगों ने रोजगार व प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया था। सभी ने योजना का लाभ उठाया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 40 किसानों में से 36 किसानों ने योजना का लाभ लिया। पशुपालन व मत्स्य पालन योजना के तहत 5 लोगों ने आवेदन किया और सभी ने लाभ लिया।

# महिला सरपंच से अभद्र व्यवहार पर तीन नामजद

- पार्क में मिट्टी भराई के कार्य को लेकर आरोपियों ने की कहासुनी
- जान से मारने और जातिसूचक गालियां देने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के व्यासपुर क्षेत्र के मच्छरौली गांव की महिला सरपंच ने तीन लोगों पर जातिसूचक शब्द बोलने, अभद्र व्यवहार करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर आरोपी तीनों लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक गांव मच्छरौली निवासी महिला सरपंच अनु कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में पार्क में मिट्टी भराई का कार्य चल रहा है। वह गांव के कुछ लोगों के साथ पार्क में मिट्टी भराई के कार्य का निरीक्षण करने के लिए गई थी। इस दौरान वहां पर गांव के तीन व्यक्ति रमेश, रणदीप व भूपेंद्र पहुंच गए और उससे मिट्टी भराई के कार्य को लेकर कहासुनी करने लगे। उसने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने वहां लगे पिलरों को भी उखाड़ दिया और उसे धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला सरपंच की शिकायत पर उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शिव भक्तों व कांवड़ियों ने पवित्र गंगाजल से किया भगवान शिव का जलाभिषेक

## शिवालयों में बम-बम बोले के जयकारों से भक्तिमय बना वातावरण, शिव चौदस पर सुबह के वक्त शिव भक्तों ने और शुभ मुहूर्त में कांवड़ियों ने चढाया जल

■ जिले में शिव मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों की जलाभिषेक के लिए जुटनी शुरू हो गई थी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सावन माह की शिव चौदस के पावन पर्व पर बुधवार को जिले भर के शिव मंदिरों में दिन भर हर हर महादेव व बम बम भोले की गूंज रही। पंडितों ने शिव चौदस का प्रारंभ बुधवार सुबह 4 बजकर 39 मिनट पर बताया गया था। जिसे लेकर शिव भक्त सुबह से ही शिव मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक करने लगे थे। वहीं, कांवड़ियों ने शुभ मुहूर्त में जलाभिषेक किया गया। खास बात यह रही कि शिव मंदिरों में दिन भर पूजा पाठ एवं भजनों का सिलसिला चलता रहा। बुधवार को सुबह से ही शिव भक्तों खासकर महिला श्रद्धालुओं द्वारा जिले के शिव मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक व पूजा पाठ करने का सिलसिला शुरु हो चुका था। इस दौरान शिव भक्त मंदिरों में एक दूसरे से पहले भगवान शिव का जलाभिषेक करने का प्रयास करते दिखाई दिए। मौके पर महिलाओं ने कई स्थानों पर कीर्तन का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर अधिकांश कांवड़िए सुबह ही मंदिरों में पहुंच गए थे। इसके बाद शुभ मुहूर्त के अनुसार कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। हालांकि कुछ कांवड़ियों ने पंडितो द्वारा उनकी राशि अनुसार बताए गए समय पर मंदिरों में जलाभिषेक किया।



यमुनानगर। शिवालयों में बुधवार को शिव भक्त व कांवड़िए जलाभिषेक करते हुए।



फोटो : हरिभूमि

### इन मंदिरों में उमड़ी ज्यादा भीड़

*जिले में सबसे ज्यादा भीड़ प्राचीन शिव मंदिर भटौली, प्राचीन सूर्य कुंड मंदिर अमादलपुर, गौरी शंकर मंदिर, पतालेश्वर मंदिर, बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर, जगाधरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर, कालेश्वर मठ, मुस्तफाबाद के सरस्वती धाम, बिलासपुर एवं कपाल मोचन के शिव मंदिरों में रही। शिव मंदिर भटौली में पूजा करने आई आरती, कृष्णा, ममता, गुरमीत ने बताया कि शिव चौदस होने के कारण उन्होंने व्रत रखा है। वह परिवार के साथ मंदिर में पूर्जा के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष शिव चौदस पर व्रत रखते हैं। जिससे भगवान शिव की उन पर विशेष कृपा बनी हुई है।*

### शिव भक्तों ने बेल पत्र और दूध आदि से की पूजा

*शिव भक्तों ने भगवान शिव का गंगा जल से अभिषेक किया और बेल पत्र, भांग और दूध अपर्ण कर पूजा अर्चना की। लोगों ने पूजा अर्चना कर परिजनों की सलामती की दुआएं मांगी। पंडित राजीव के मुताबिक शिव चौदस वैसे तो बुधवार को सुबह ब्रह्मकाल में 4 बजकर 39 मिनट से प्रारंभ हुई और इसकी समाप्ति 24 जुलाई को निशिता काल में सुबह दो बजे के बाद होगी। इस बार शिव चौदस दो दिन पड़ रही है। मगर शिव चौदस बुधवार को ही मनाई गई। शिव चौदस का प्रवेश शुरु होने से लेकर समाप्ति तक किसी भी समय जलाभिषेक करना फलदायी है।*

### हवन-यज्ञ का हुआ आयोजन

शिव चौदस पर्व के मौके पर अधिकांश शिव भक्तों ने अपने घरों में हवन-यज्ञ करके भगवान शिव की कृपा प्राप्त की। मौके पर प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### कांवड़ शिविर में कांवड़िए का बैग हुआ चोरी

**यमुनानगर।** शहर की शिव कालोनी में लगे शिविर में विश्राम कर रहे एक कांवड़िए का किसी ने बैग चोरी कर लिया। बैग में 21 हजार रुपये व मोबाइल फोन था। पुलिस ने कांवड़ए की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कालाअंब निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य पर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में शहर की शिव कालोनी में कांवड़ शिविर लगा हुआ था। कांवड़ शिविर देखकर वह वहां कुछ देर के लिए रुककर विश्राम करने लगे। विश्राम करके वह अपने गंतव्य की ओर जाने लगे तो उसका बैग गायब मिला।

### स्थापना दिवस पर एकत्रित हुए मजदूर

**रादौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही मजदूरों की समस्याओं पर भी विचार किया गया। संघ के जिला प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय श्रमिक संगठन है। इसकी स्थापना भोपाल में महान विचारक स्वर्गीय दत्तोपन्त ठेंगड़ी द्वारा प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जन्मदिवस 23 जुलाई 1955 को हुई थी। भारत के अन्य श्रम संगठनों की तरह यह किसी संगठन के विभाजन के कारण नहीं बना है।

### 36 बिरादरी की पार्टी है भाजपाः कांबोज

**रादौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने कहा कि भाजपा पार्टी की



कल्याणकारी नीतियां जनता को बहुत लाभ पहुंचाने का काम कर रही हैं। चाहे वह खेतिहर योजना हो, सीईटी हो या दुकानदारों को वर्षों से काबिज दुकानों पर मालिकाना हक देना हो। कांबोज ने कहा कि भाजपा पार्टी 36 बिरादरी के कार्यकर्ताओं की पार्टी है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने युवाओं को योग्यता के साथ-साथ कौशल के आधार पर नौकरी देने का काम किया है।

## जिला नगर योजनाकार विभाग ने दो अनाधिकृत कॉलोनियों को गिराया

# दो अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

■ जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने आमजन को अनाधिकृत कालोनियों में निवेश नहीं करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नियंत्रित क्षेत्र स्थित गांव रटौली व कांसापुर में दो अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन की मदद से ढ़हा दिया। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

नगर योजनाकार राजेश कुमार विभाग के अन्य कर्मचारियों के साथ ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किए गए जगाधरी के नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ रटौली में पहुंचे और वहां बिना अनुमति के विकसित की जा रही कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण पर जेसीबी की मशीन से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान कालोनी में बने अवैध निर्माण को पूरी तरह ढ़हा दिया।

इसके बाद नगर योजनाकार की टीम ने कांसापुर में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए गए अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। मौके पर जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अनाधिकृत कालोनियों छह एकड़ में विकसित की जा रही थी। इन कालोनियों में बनाई गई सड़कों, नींवों, चार दिवारी, शेड व निर्माणाधीन मकानों को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया गया।

उन्होंने बताया कि चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध कॉलोनियों की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई की।



यमुनानगर। अवैध कालोनी में जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को गिराते हुए जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कालोनी में न करें निवेश

*जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने आमजन से अवैध कालोनियों में अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी का निवेश नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित ओरियंटेशन प्रोग्राम में मुख्य वक्ता को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित करते प्राचार्या व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जीवन में माता-पिता के महत्व को समझें छात्राएंः पाहूजा

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कालेज यमुनानगर में प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित किए जा रहे ओरियंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन बुधवार को जीवन में माता पिता के महत्व से अवगत करवाया गया। दूसरे दिन प्रोग्राम में रोटिरियन संजय पाहूजा ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। कालेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, डॉ. सुनीता कौशिक व डॉ. अनीता मौदगिल ओवर ऑल को ऑर्डिनेटर रहीं। जबकि डॉ. रीटा सिंह व डॉ. मीनाक्षी सैनी कनवीनर रहीं। मुख्य वक्ता रोटेरियन संजय पाहूजा ने छात्राओं को जीवन में माता पिता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वक्ता संजय पाहूजा ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे जीवन में मां बाप के महत्व को समझें। माता पिता की रिस्पेक्ट करें। इसके उपरांत छात्राओं को मोटिवेशन मूवी दिखाई गई। मौके पर शालिनी छाबडा, डॉ. नताशा बजाज, डॉ. गीता शर्मा, लवली राज, डॉ. शिखा सैनी, डॉ. दीपिका घई व परमेश कुमार मौजूद रहे।

### किंडरगार्टन के विद्यार्थियों ने उत्साह से मनाया वर्षा दिवस



**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में किंडरगार्टन के बच्चों के लिए वर्षा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने छाता ओढ़कर वर्षा से बचाने का करतब दिखाया। इसके अलावा भी बच्चों ने सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने किया। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य बरसात के मौसम में किंडरगार्टन के विद्यार्थियों को इस उमस भरे और गीले मौसम में उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। मौके पर विद्यालय की शिक्षक गार्गी, रचना, अनुराधा, सुमन बाला,बबीता, नीलम,सविता,वंदना व नीतू आदि ने बच्चों को बरसात के मौसम में अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अच्छी आदतें सिखाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेह कांबोज ने इस आयोजन के उद्देश्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच के बंधन को मजबूत करते हैं। बल्कि विद्यार्थियों मूल्यों और अच्छी आदतों का विकास करने में भी सहायक होते हैं।

### पंद्रह दिन पहले लापता हुए दुकानदार का नहीं लगा सुराग

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 के थाना क्षेत्र के अंतर्गत सावनपुरी कॉलोनी से करीब पंद्रह दिन पहले पड़ौसी को चाबी देकर लापता हुए दुकानदार का अभी तक भी कोई सुराग नहीं मिला है। जिसके लिए दुकानदार के परिजन उसकी



तलाश में दर दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। परेशान होकर परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद दुकानदार की तलाश शुरू कर दी है। न्यू जैननगर निवासी विष्णु दत्त ने अर्जुन नगर चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सरकारी नौकरी करता है। उसके पास दो बेटे हैं। बड़े बेटे 27 वर्षीय विशाल की कुछ साल पहले शादी हुई थी। शादी से उसके पास दो बच्चे हैं। उसके बेटे विशाल की सावनपुरी में छोटी लाइन पर करियाना की दुकान है। रोज की तरह गत 8 जुलाई की सुबह करीब आठ बजे उसका बेटा विशाल अपनी दुकान पर गया था। करीब 9 बजकर 10 मिनट पर वह दुकान बंद कर चाबी पड़ोसी दुकानदार मेडिकल स्टोर संचालक को देकर चला गया था। इसके बाद वह न तो दुकान पर लौटा और न ही वापस घर आया। अपने स्तर पर उन्होंने उसकी सभी रिश्तेदारों, परिचितों, जानकारों व बेटे के दोस्तों के यहां तलाश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। दुकान से जाते समय उसने काले रंग की कमीज और हरे रंग की पेंट पहनी हुई थी।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### व्यवस्था पूर्ण तरीके से सीईटी की परीक्षा करवाना है मुख्य उदेश्यः उपायुक्त

**यमुनानगर।** सीईटी की परीक्षा जिले में नकल रहित व पारदर्शिता से संपन्न करवाने को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप सी की सीईटी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो यह हम सब की जिम्मेवारी है। इसके लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करें। ताकि सीईटी की परीक्षा व्यवस्था पूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने अधिकारियों को दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए भी व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व सरकार नकल रहित निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षाएं करवाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परीक्षार्थियों को कोई व्यवधान न हो इसके लिए प्रशासनिक टीम सक्रिय रूप से सहयोगी रहेगी। जिला पुलिस की ओर से पुख्ता सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मौके पर एसपी कमलदीप गोयल, आयुक्त नगर निगम अखिल पिलानी, एडीसी नवीन आहूजा, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीएसपी कंवलजीत, डीएसपी राजीव मिगलानी, महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन यमुनानगर संजय रावल व जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता सीईटी परीक्षार्थियों के जलपान और ठहरने की करेंगे व्यवस्थाः राजेश सपरा

■ भाजपा जिला, ब्लाक, बूथस्तर समेत अन्य पार्टी के पदाधिकारियों की हुई वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनानगर कार्यकारिणी, ब्लाक कार्यकारिणी, बूथ स्तर समेत अन्य सभी मोर्चों के पदाधिकारियो की बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिले में आयोजित होने वाली दो दिवसीय सीईटी की परीक्षा में पहुंचने वाले परीक्षार्थियों के जलपान व ठहरने की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को जिले में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जो परीक्षार्थी अन्य जिलों से जिले में परीक्षा देने पहुंचेंगे यदि वह ठहरना चाहते हैं तो उनकी हरसंभव व्यवस्था की जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम मुहिम को सफल बनाने के लिए आहवान किया। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की अभी से सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारी शुरू कर दें। सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात आपने निर्धारित बूथ पर अवश्य सुनें और उसकी फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म व सरल एप पर पोस्ट अवश्य करें। उन्होंने बताया कि मन की बात कार्यक्रम पूरे हरियाणा में सरल पोर्टल पर सौ प्रतिशत अपलोड करने में जिला यमुनानगर का नाम अव्वल स्थान पर है। हमें आगे भी इसे बरकरार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा सीईटी की परीक्षा देने पहुंचने वाले परीक्षार्थियों और उनके साथ आए अभिभावकों के रहने व खाने पीने की भाजपा द्वारा पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि इस समय मानसून सीजन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथ पर कम से कम 20 पौधे अवश्य लगाए जाएं और उनकी देखभाल का जिम्मा स्वयं भाजपा कार्यकर्ता संभालें। मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा, हैप्पी खेड़ी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। वर्चुअल बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। मॉडल टाउन वार्ड नंबर आठ में वीरान पड़े खाली प्लाटों में उगी हुई झाड़ियां।

### खाली पड़े प्लाट लोगों के लिए बने परेशानी का सबब

**यमुनानगर।** शहर के पाश इलाके मॉडल टाउन में खाली पड़े प्लाट लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक खाली पड़े प्लाटों में बड़ी बड़ी झाड़ियां उग गई हैं और उनमें जहरीले जीव जंतू पैदा हो गए। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मॉडल टाउन के लोगों ने जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन से खाली पड़े प्लाटों में उगी झाड़ियों की साफ सफाई करवाए जाने की मांग की। मॉडल टाउन निवासी देवेंद्र सिंह, सुरजीता, रीता, जसविंद्र सिंह, हर भजन सिंह, अनिल, हैप्पी, रमेशा, सुनीला व नीतू गोल्डी आदि ने बताया कि शहर का मॉडल टाउन पाश इलाका है। मॉडल टाउन में कुछ लोगों द्वारा प्लाट खरीद कर या तो खाली छोड़ दिया गया है या फिर अधूरा निर्माण करवाकर उसकी बाद में कोई सुध नहीं ली गई है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने सस्ते भाव में प्लाट खीरद कर उन्हें महंगे दामों पर बेचने की चाहत में वर्षों से खाली छोड़ दिया गया है। जिनमें जंगली पौधे और झाड़ियां उगने के बाद वृक्षों के रुप में बदल चुकी हैं और उन्होंने जंगल का रुप धारण कर लिया है। बरसात के दिनों में इन खाली पड़े प्लाटों में उगी झाड़ियों में जहरीले जीव जंतु पनपने लगे हैं। जिससे जहरीले जीव जंतुओं का उनके घरों में घुसने का हमेशा डर बना रहता है। वहीं, यह खाली पड़े प्लाट लोगों के लिए कचरा घर बन चुके हैं। प्लाटों में बरसात का पानी जमा होने से मक्खी मच्छर पैदा हो गए हैं। जिससे लोगों के बीमार होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन से इन खाली पड़े प्लाटों में साफ सफाई करवाए जाने की मांग की है।

## मरम्मत कार्यों पर खर्च होंगे 2.28 करोड़ रुपये

# नगर निगम के विभिन्न वार्डों में होंगे 4.61 करोड़ के विकास कार्यः मेयर

■ वार्डों में बनेगी नई गलियां, नालियां व सामुदायिक केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि शीघ्र ही नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में 4 करोड़ 61 लाख 80 हजार रुपये के विकास कार्य कराए जाएंगे। इनमें विभिन्न वार्डों में लगभग 2.28 करोड़ के मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नई गलियों, नालियों, सामुदायिक केंद्रों का निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे।

मेयर ने बताया कि सभी विकास कार्यों की प्रशासनिक अनुमति मिलने के बाद टेंडर जारी कर दिए गए हैं। टेंडर अलॉट होते ही विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने सभी अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।



मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा 19.36 लाख की लागत से वार्ड 17 के शिव नगर में सोनिया के घर से गोविंद पंडित के घर से होते हुए छोटा लाल के घर तक, जुगनू की दुकान से बाबा बालक नाथ मंदिर तक और अमित के घर से शारदा के घर तक गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 20 के तिलक नगर में पानी निकासी के लिए 4.52 लाख की लागत से नम्रता एंटरप्राइजेज से शिव मंदिर होते हुए मंगत राम के घर तक गलियों के किनारे एनपी 2 अंडरग्राउंड पाइप लाइन डाली जाएंगी। वार्ड 16 के हरबंसपुरा और इंदिरा गार्डन में 10.25 लाख की लागत से नीलकंठ डेयरी से पीर तक और गुरु रविदास मंदिर वाली गली में पानी निकासी के लिए एनपी 2 पाइप लाइन डाली जाएगी। 4.60 लाख की लागत से वार्ड 17 के कैंप में बंसी किराना स्टोर से तेजेंदर सिंह के घर तक गली और नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह 17.09 लाख की लागत से वार्ड 15 के पुराना रादौर रोड की गली नंबर एक में गुरुनानक मिल स्टोर से घई के घर तक, गली नंबर दो में बंसल के घर से सुभाष बिरला के घर तक, गली नंबर तीन में ग्लोबल इंजीनियरिंग से पहलवान के घर तक, गली नंबर चार में श्रीराम ट्रेडर्स से गोयल के घर तक, गली नंबर पांच में अमृत लाल के घर से ईश्वर के घर तक, गली नंबर छह में भगवती एजेंसी से मोंटू के घर तक और गली नंबर सात में लक्ष्मी टी कंपनी से मलिक के घर तक पक्की गलियों का निर्माण व निकासी के लिए एनपी 2 पाइप डालने के कार्य किए जाएंगे।

इसके अलावा वार्ड नंबर 17 के शिव नगर में 6.21 लाख की लागत से आजाद हेयर ड्रेसर से धनी राम के घर तक और सन राइस स्कूल से पप्पू के घर तक गलियों का निर्माण और एनपी.2 पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड 15 में ओपी जिंदल पार्क के सामने 5.87 लाख की लागत से सुशील एडवोकेट के घर से अंकुश स्टूडियो तक आरसीसी बॉक्स टाइप नाले का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 14 के पुराना हमीदा की कृष्णा कॉलोनी में 4.66 लाख की लागत से शिवालिक स्कूल से सरदार के घर तक पानी निकासी के लिए दोनों तरफ नालियों का निर्माण किया जाएगा। 31.13 लाख की लागत से वार्ड 12 के शादीपुर में खजूरी रोड स्थित एमआरएफ सेंटर में विभिन्न पार्टीशन दीवारें बनाई जाएंगी। वार्ड 12 के कामी माजरा गांव में बैकवर्ड धर्मशाला से इकराम के घर तक 1.89 लाख की लागत से गली के दोनों तरफ नालियों का निर्माण किया जाएगा।

# सावन मास की शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, किया अभिषेक

- शिव भक्तों ने लंबी लाइनों में खड़े होकर किया जलाभिषेक
- शिवलिंग पर धतूरा, बेल पत्र, गंगाजल, दही, शहद आदि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सावन मास की शिवरात्रि पर बुधवार को जिले के सभी शिव मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। हरिद्वार से कावड़ लाए कांवड़ियों ने सर्वप्रथम जलाभिषेक किया उसके बाद शिव भक्तों ने लंबी लाइनों में अपने शिव के दीदार के लिए खड़े होकर अपनी बारी पर जलाभिषेक किया और परिवार के लिए सुख की कामना की। शिव भक्तों ने शिवरात्रि के पावन पर्व पर जगह-जगह भंडारे भी लगाएं। शहर के कई मंदिरों में रुद्राभिषेक भी हुआ। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करके दूध, भांग, धतूरा, बेल पत्र, गंगाजल, दही, शहद तथा फल आदि अर्पित किए। वहीं धूप दीप करके शिव स्त्रोत और शिव चालीसा का पाठ किया। व्रतधारियों ने आलू, कुटू का आटा, दही व मिष्ठान का भोग लगाकर व्रत खोला। शहर के दुखभंजन मंदिर, स्थाणेश्वर मंदिर, हरिओम मंदिर सहित सभी शिवालयों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा।



**कुरुक्षेत्र।** दुखभंजन मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते शिव भक्त।



**शाहबाद।** रंग-बिरंगी लाइटों से सजा प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर।

### उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की भस्म आरती

**शाहबाद।** सावन मास के मौके पर नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर भगवान महाकाल की भस्म आरती की गई। सुबह 3 बजे शिव भक्तों और कावड़िया ने भस्म आरती में हिस्सा लिया। तदोपरांत सबसे पहले हरिद्वार से कावड़ लेकर आए शिव भक्तों ने भगवान शिव लिंग का जलाभिषेक किया। उसके बाद नगर के हजारों शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने आक धतूरा बेलपत्र फल और फूल चढ़कर पूजा अर्चना की। पूरा शिवालय नमः शिवाय के उद्घोषों से गूंजते रहे। मंदिर सभा की ओर से प्रधान जगमोहन मनचंदा, वीरेंद्र ठुकराल, प्रवेश शर्मा, संजीव भसीन सहित मंदिर सभा के सदस्य और शिव भक्त मौजूद रहे। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइट और फूलों से सजाया गया है।

### श्रद्धालुओं ने दुखभंजन मंदिर में जलाभिषेक कर मांगी मन्नतें

सावन माह की शिवरात्रि पर प्राचीन दुखभंजन मंदिर में शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी। मंदिर के पुजारी पंडित सुशील शास्त्री ने बताया कि शिवपुराण की कथा के अनुसार, जब समुद्र मंथन हुआ था, तो उसमें से सबसे पहले विष निकला था। उस विष के कारण पूरे संसार पर संकट छा गया क्योंकि वह देव, मनुष्य, पशु-पक्षी आदि सभी के जीवन के लिए हानिकारक था। अब समस्या यह थी कि उस विष का क्या होगा? इस संकट का क्या हल है? तब देवों के देव महादेव ने इस संकट से पूरी सृष्टि को बचाने का निर्णय लिया। उन्होंने उस पूरे विष को पीना शुरू कर दिया, उसी समय माता पार्वती ने उस विष को भगवान शिव के कंठ में ही रोक दिया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अजय जांगडा बने कुटिक के कोर्डिनेटर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी(यूआईईटी) के एसोसिएट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ.



अजय जांगड़ा को तत्काल प्रभाव से कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर (कुटिक) का कोऑर्डिनेटर तथा यूआईईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विशाल अहलावत को कुटिक का डिप्टी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

### जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 3-4 को

**कुरुक्षेत्र।** पांचवीं जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 2025 के आयोजन हेतु हरियाणा योगासन खेल संघ की जिला कुरुक्षेत्र इकाई की बैठक भारत स्वाभिमान ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के जिला प्रभारी कुलवंत सिंह की अध्यक्षता में हुई। ये प्रतियोगिताएं बाल, तरुण, युवा एवं वरिष्ठ युवा वर्ग ए-बी-सी, कुल 6 वर्गों में होंगी । इसके लिए विभिन्न आयु वर्ग बनाए गए हैं । यह प्रतियोगिताएं हरियाणा योगासन खेल संघ के निदेर्शानुसार ब्रह्म सरोवर के उत्तर पश्चिम तट स्थित कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेडिटेशन हॉल में 3 व 4 अगस्त को होंगीं।

### डॉ. तरसेम बने हसला हरियाणा के राज्य महासचिव

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) की राज्य कार्यकारिणी की घोषणा राज्य प्रधान सतपाल सिंधु द्वारा



की गई, जिसमें कुरुक्षेत्र जिले के हसला जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक को राज्य महासचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त महेन्द्र शर्मा को राज्य संगठन सचिव, परमजीत कौर को राज्य सचिव, संगीता सैनी को राज्य संयुक्त सचिव तथा नीलम को राज्य संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। यह गठन राज्यभर के शिक्षकों की आवाज को एकजुट कर सरकार तक प्रभावशाली ढंग से पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## चंडीगढ़ में परीक्षा देने वाले जिला के परीक्षार्थियों को 10 जगहों से मिलेगी बस सर्विस

# 40 हजार परीक्षार्थियों के लिए बनाए 41 परीक्षा केंद्र, तीन लेयर में होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीईटी की परीक्षा के लिए 26 को दो सत्र और 27 जुलाई को दो सत्रों सहित चार सत्रों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चारों सत्रों में 41724 परीक्षार्थियों के लिए सीटिंग की व्यवस्था उपलब्ध है। जिले के सभी 41 परीक्षा केंद्रों में एक सत्र में 10431 परीक्षार्थी परीक्षा दे सकते हैं। चंडीगढ़ में सीईटी की परीक्षा देने वाले जिला के परीक्षार्थियों को 10 जगहों से बस सर्विस मुहैया करवाई जाएगी और जो परीक्षार्थी कुरुक्षेत्र में पेपर देने के लिए आ रहे हैं, उनकी बसें बस स्टैंड की वर्कशाप में पार्क होंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बस स्टैंड से लोकल वाहनों में सेंटर वाइज परीक्षार्थियों को भेजा जाएगा, 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षा के चारों पेपरों के लिए करीब 40 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे, 29 लोकेशन पर 41 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा के साथ लघु सचिवालय में सीईटी परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थी। इस बैठक में एसपी नीतीश अग्रवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी को सीधी एसपी व डीसी तक पहुंचाएं। उन्होंने डयूटी मजिस्ट्रेट को ट्रेजरी से पेपर लेकर जाने, जमा करवाने, जैमर, सीसीटीवी की वर्किंग को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सीईटी परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समीक्षा कर रहे हैं। इस परीक्षा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। जिला में होने वाले सीईटी परीक्षा के लिए कलस्टर बनाकर एक अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी के आने-जाने, रुकने और अन्य व्यवस्था में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए कि वो सभी परीक्षा केंद्रों के सुपरिटेंडेंट और परीक्षा करवाने वाले स्टाफ की लिस्ट तैयार करके भेजे। उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल टीम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एंबुलेंस को अलर्ट मूड पर रखने को कहा गया। इसी तरह उत्तरी हरियाणा विद्युत निगम के अधिकारियों को सभी परीक्षा केंद्रों पर पावर सप्लाई की उचित व्यवस्था उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में परीक्षा के दौरान सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। नियमों के उल्लंघन करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

### गेट पर चेकिंग के बाद ही मिलेगी एंट्री : अग्रवाल

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा सेंटर पर पुलिसकर्मी द्वारा परीक्षार्थी की चेकिंग के बाद ही केंद्र में एंट्री दी जाएगी। जिस परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक ना हो उसको परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। पुलिसकर्मी किसी भी परीक्षा केंद्र में परीक्षा रूम में प्रवेश नहीं करेंगे। साथ ही सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी केंद्र में वाईफाई भी नहीं चलता हो। इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया, एसडीएम शाहाबाद डा. चिनार चहल, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, रोडवेज महाप्रबंधक शेर सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### जाट धर्मशाला में ठहरने व जलपान की व्यवस्था

**कुरुक्षेत्र।** जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जाट संस्था के प्रधान कृष्ण श्योकद ने की। बैठक में सभी कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया कोऑर्डिनेटर गुरदीप तंवर ने बताया कि आगामी 26व 27 जुलाई को होने वाले होने वाली सीईटी की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के लिए जाट धर्मशाला में रात्रि ठहराव व खानपान का निशुल्क बंदोबस्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दिन पूरे हरियाणा से परीक्षार्थी अपने-अपने केंद्र में परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में कुरुक्षेत्र जिले में आने वाले परीक्षार्थी व उनके परिजन धर्मशाला में आकर रूक सकते हैं।

### जिप सीईओ शंभू राठी नोडल अधिकारी और सीटीएम आशीष ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2025 को शांतिपूर्वक ढंग से करवाने के लिए सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया। जिला परिषद सीईओ शंभू राठी को नोडल अधिकारी और सीटीएम आशीष कुमार को ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार की सूचनाओं के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। कंट्रोल रूम में संपर्क करने के लिए दूरभाष नंबर 01744220017 स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में बनाए गए 41 सेंटरों को 4 कलस्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक क्लस्टर स्तर पर भी एससीएच अधिकारी को समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। पहले कलस्टर में एसडीएम पिहोवा को 12 परीक्षा केंद्रों के लिए, दूसरे कलस्टर में एसडीएम लाडवा को 13 परीक्षा केंद्रों के लिए, तीसरी कलस्टर में एसडीएम शाहाबाद को 10 परीक्षा केंद्रों के लिए और चौथे कलस्टर में डीएमसी को 6 परीक्षा केंद्रों के लिए समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## 22 भाषाओं, 24 वेशभूषाओं, कला व संस्कृति से देश की एकता को दर्शाया




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्निवल परेड निकालते नागालैंड के युवक-युवतियां। फोटो : हरिभूमि

- केयू में इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2025 में 22 भाषाओं, 24 वेशभूषाओं, कला और संस्कृति का संगम ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में देश की अनेकता में एकता को प्रदर्शित कर रहा है। युवाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की संस्कृति को प्रस्तुत किया जा रहा है। ये मौका इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम में बना है। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में 23 से 25 जुलाई तक इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इसमें 24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 600 से ज्यादा युवा हिस्सा ले रहे हैं। अपने-अपने प्रदेश की वेशभूषा के साथ कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। साथ ही सांस्कृतिक विविधता के तहत अपनी विशिष्ट संस्कृति और परंपराओं को दिखाया जा रहा था। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने साड़ी, सलवार कमीज और कुर्ता पजामा की आम वेशभूषा के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश के युवाओं ने कंबल, चोला और टोपी पहनकर शामिल हुए। तमिलनाडु की टीम ने साड़ी, वेस्टी और पुरुष वर्ग ने धोती, वेस्टी डाली हुई थी। केरल के युवाओं ने मुंड व धोती और महिलाओं ने साड़ी और सेट्टुमुंड वेशभूषा पहने हुए शामिल हुए।

### छात्रावास परिसर में किया हवन यज्ञ

**कुरुक्षेत्र।** पवित्र श्रावण मास की शिवरात्रि के पावन अवसर पर गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के छात्रावास परिसर में भक्तिपूर्ण वातावरण में हवन एवं



भगवान शिव की आराधना की गई। इस अवसर पर आचार्यगण,कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का शुभारंभ हुआ,जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। हवन के यजमान छात्रावास के मुख्य पर्यवेक्षक भास्करानंद रहे तथा ब्रह्मा के रूप में अमित धीमान ने विधिपूर्वक हवन सम्पन्न कराया। भगवान शिव की आरती और मंत्रों के उच्चारण से कार्यक्रम और भी पावन हो गया।

## सांसद जिन्दल के प्रयासों से अब यात्रियों को उदयपुर तक मिलेगी सीधी ट्रेन सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र और कैथल क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बहुप्रतीक्षित सपना आखिरकार साकार हो गया है। सांसद नवीन जिन्दल के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस को रेल मंत्रालय की मंजूरी मिल गई है। अब यह महत्वपूर्ण ट्रेन सेवा कुरुक्षेत्र और कैथल होते हुए सीधे चंडीगढ़ तक जाएगी, जिससे हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। यह निर्णय न केवल यात्रियों की यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

### नागरिकों ने सांसद का जताया आभार

ट्रेन के विस्तार से यात्रियों को अजमेर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जैसे प्रमुख शहरों से सीधा रेल संपर्क प्राप्त होगा। रेल मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव को स्वीकृति दिए जाने के बाद क्षेत्र में खुशी और उत्साह की लहर है। व्यापारी वर्ग, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन एवं आम नागरिकों ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार प्रकट किया है, जिन्होंने इस मांग को रेल मंत्री से व्यक्तिगत भेंट कर भी इस सेवा की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की प्राथमिकता हमेशा आमजन के जीवन को सरल, सुलभ और सुरक्षित बनाना रही है। यह ट्रेन सेवा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय आने वाले समय में हरियाणा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के लिए एक मजबूत कनेक्टिविटी का आधार बनेगा और यात्रा व व्यापार में समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करेगा।






### डी.ए.वी. स्कूल में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**शाहबाद।** डी. ए. वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहबाद में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह और जोश से किया गया। प्रतियोगिता के ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रेसिडेंट रोटरी क्लब के डॉ रघबीर सिंह घुम्मन और पूर्व ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर डॉ एस. एस. आहुजा और डी. ए. वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल मनदीप शर्मा एवं समाजसेवी राजकुमार गर्ग और रोटरी के सचिव विक्रम गुप्ता और सभी गवर्नमेंट एंड प्राइवेट स्कूल के आए हुए अध्यापकों के सहयोग से शुरू हुआ। लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि बच्चों को एकजुट होकर प्रेम भावना से खेलना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ रघबीर सिंह घुम्मन ने सभी प्रतिभागियो को भविष्य के लिए शुभकामनाये दी और खेल भावना से खेलने और अनुशासन का पालन करने का संदेश दिया और ये कहा कि खेलं को जीवन का विभिन अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर कंवरपाल, रमेश शर्मा, राकेश सपरा और कई गणमान्य व्यक्ति रहे।

## रोग मुक्त जीवनशैली की सिखाई कला

- आयुष विश्वविद्यायल का अभिनव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा सेल्फ हेल्थ केयर स्किल डेवलपमेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल की छात्राओं को पहली बार 45 दिनों तक स्वास्थ्य के व्यावहारिक पहलुओं की गहराई से जानकारी दी गई। इस अभिनव इंटर्नशिप कार्यक्रम का पहला बैच बुधवार को प्रशिक्षण पूर्ण कर चुका है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने प्रशिक्षित छात्राओं से संवाद किया और उनके अनुभवों व फीडबैक को जाना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र एक इंटर्नशिप नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, रोग मुक्त और संतुलित जीवन शैली का प्रतीक बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि युवा पीढ़ी स्वयं स्वास्थ्य के प्रति सजग हो जाए तो वह समाज को भी सही दिशा में प्रेरित कर सकती है। छात्राओं ने इंटर्नशिप को जीवन बदलने वाला अनुभव बताते हुए कहा कि उन्होंने आयुर्वेद, ऋतुचर्या, योग, जीवन शैली व घरेलू चिकित्सा जैसे विषयों की गहराई से समझ प्राप्त की। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन तीन घंटे की कक्षाओं के माध्यम से छात्राओं को आयुर्वेदिक सिद्धांत, योगाभ्यास, रोगों की पहचान और रोकथाम की वैज्ञानिक एवं पारंपरिक विधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्रिया शरीर विभाग की प्रो. वैद्य शुभा कौशल,प्रो.सीमा रानी, प्रो. राजा सिंगला, प्रो. शीतला सिंगला, डॉ. रविंद्र कुमार अरोड़ा व डॉ.रुचिका सहित अन्य उपस्थित रहे।





### अंडर-14 में कबड्डी स्पर्धा में खिजरपुरा स्कूल की लड़कियों ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय माध्यमिक स्कूल खिजरपुरा की अंडर-14 आयु वर्ग में लड़कियों ने टीम ने ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जीएमएस खिजरपुर की टीम ने खेड़ी रामनगर को फाइनल में हराकर मैच जीता और ब्लाक स्तरीय विजेता का खिताब अपने नाम किया। ब्लाक में प्रथम स्थान हासिल करने पर गांव के सरपंच अनिल कुमार धन्ना, प्राथमिक स्कूल के मुख्याध्यापक सुरजीत सिंह और शिक्षकों ने बधाई दी है। ब्लाक में जीत हासिल करने के बाद अब टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी हैं। लड़कियों की जीत में सबसे बड़ा योगदान पीटीआई सुशील कुमार है, जिन्होंने लड़कियों को कबड्डी के गुर सिखाए। गांव खिजरपुरा के सरपंच अनिल कुमार ने कहा कि लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कियों से आगे हैं। अंडर-14 आयु वर्ग में लड़कियों ने जीत हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। ग्राम पंचायत की ओर से खेल सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा, ताकि स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

**जांच** टीमों ने गांव में दो दिन डाला डेरा, पीने के पानी की जांच की

# गांव सूरा में स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य विभाग की टीमों की कड़ी मेहनत से उल्टी-दस्त पर पाया काबू : गर्ग

अवैध तथा नालियों में लगे पानी के कनेक्शनों को काटा जा रहा

- टीम ने गांववासियों से उनका हाल-चाल भी जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा खंड के गांव सूरा में फैले उल्टी-दस्त रोग पर स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने काबू पा लिया है। दो दिनों से दोनों विभागों की टीमें गांव में डेरा डाले हुए है। टीमों के साथ-साथ दोनों विभाग के अधिकारी भी गांव का दौरा कर गांव पर नजर रखे हुए है। बुधवार को जन स्वास्थ्य विभाग के एक्स.ई.एन. सुमित गर्ग व एस.डी.ओ. विनोद कुमार ने गांव का दौरा किया, बल्कि गांव में पीने वाले पानी की भी जांच की तथा गांववासियों से उनका हाल-चाल भी जाना। दो दिनों में ही दोनों विभागों की टीम ने गांव फैले उल्टी-दस्त रोगों पर काबू पा लिया गया। साथ-साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांव में पानी के सैंपल लिए जा रहे, बल्कि गांव में अवैध तथा नालियों में लगे पानी के कनेक्शनों को काटा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले करीब एक सप्ताह से गांव में उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या लगातार बड़ती जा रही थी।



**लाडवा।** गांव सूरा में उल्टी-दस्त फैलने से गांव में पानी के कनेक्शनों को चैक करती विभाग की टीम।

### अब तक 12 पानी के सैंपल लिए गए

*गांव सूरा में उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में ही विभाग की टीम लगा दी गई थी। बुधवार को टीम में ए.एन.एम. राम भेतरी ने बताया कि आज कोई नया रोगी उल्टी-दस्त का नहीं आया है। सिर्फ नो मरीज दवाई खत्म होने पर दवाई लेने आए थे। गत दिवस 12 रोगियों को दवाई दी गई थी। उन्होंने कहा कि गांव के हालात सामान्य हो चुके है।*

### पेयजल की पाइप लाइन बिल्कुल ठीक : जेई

*जब इस बारे में जन स्वास्थ्य विभाग के जे.ई.रामेश्वर से बात की तो उन्होंने कहा कि पीने के पानी की पाइप लाइन बिल्कुल ठीक है। कहीं से कोई लीक नहीं थी। कुछ पानी के अवैध कनैक्शन थे तथा कुछ गंदे पानी की नालियों में लगे हुए थे। अब तक करीब 20 पानी के कनेक्शन काटे जा चुके है। दो दिनों से गांव में तीन टीमों में करीब 15 कर्मचारी लगे हुए है जो गांव में गंदे पानी की नालियों में लगे पानी कनेक्शनों की जांच कर उन्हें काट रहे है।*

## खबर संक्षेप

### बालियां छीनने का आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिजीत सिंह व भागमल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ति महिला ने 4 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आसा सिंह गार्डन के पास बाइक सवार उसके कानों से सोने की बालियां छीन कर ले गए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी आफताब आलम को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध चाकू है जो किसी भी अप्रिय घंटना को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने कालाअंब के पास रूचरा फैक्टरी से आरोपी आफतब आलम को चाकू समेत काबू किया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरपाल सिंह व यशप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। परिवादी तिलक राज ने 21 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 जुलाई 2025 को आरोपी गुरपाल सिंह व यशप्रीत सिंह ने कार्यालय आर्यव्रत मोटर टीपीटी मोटर कैंप कुलदीप नगर से गाड़ी की बैटरी, पंप की तार व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दलबीर सिंह उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। गांव ठरवा के रमनदीप ने 5 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सिटी फन पार्क के बाहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तीसरी सूची में 261 छात्रों को मिली सीट

**अंबाला।** जिले की राजकीय आईटीआई में तीसरी मेधा सूची जारी हो गई। शहर राजकीय आईटीआई में इस सूची में 261 अभ्यर्थियों को सीट जारी की गई। शहर के राजकीय आईटीआई प्रवक्ता मनोज कुमार ने बताया कि संस्थान में कुल 1188 सीटें हैं। इन सीट में से पहले आई दो मेधा सूची में 367 सीट पर दाखिला हुआ था। अब तीसरी मेधा सूची जारी हुई जिसमें 261 में से पहले ही दिन 29 सीटों पर छात्रों ने दाखिला लिया। कुल 396 सीटें भर चुकी हैं। तीसरी में सूची में आए अभ्यर्थी 26 तक दाखिला ले सकेंगे।

**सीईटी परीक्षा को लेकर रोडवेज की तैयारियां पूरी, जीएम बोले-किसी परीक्षार्थी को नहीं होगी दिक्कत**

# परीक्षार्थी के साथ एक परिजन को मुफ्त में मिलेगी यात्रा की सुविधा

- अंबाला से चंडीगढ़ तक आने जाने के लिए भी मिलेगी बस सेवा, रूट निर्धारित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीईटी परीक्षा को लेकर हरियाणा रोडवेज ने कमर कस ली है। इसके लिए निर्धारित रुटों पर सभी चालकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। राज्य परिवहन के महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को सीईटी-2025 ग्रुप-सी की परीक्षा निर्धारित की गई है।



आयोग द्वारा परीक्षा के लिए सुबह- शाम के समय शिफ्ट के अनुसार परीक्षा केंद्रों में प्रवेश का समय प्रातः 7.30 बजे व सांयकाल शिफ्ट के लिए दोपहर 12.30 बजे निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा के लिए जिले के विभिन्न बस अड्डों से बसों का संचालन करवाया जाएगा। इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों व महिला परीक्षार्थियों के साथ एक पारिवारिक सदस्य/अभिभावक को परीक्षा केंद्रों तक छोड़ने व वापिस लाने के लिए राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस परीक्षा के लिए जिला में शिफ्ट के अनुसार लगभग 7000 परीक्षार्थियों को बसों के द्वारा परीक्षा केंद्रों हेतु बस अड्डा चंडीगढ़ सेक्टर 17 पर छोड़ा जाएगा। उक्त परीक्षार्थियों को बस अड्डा चण्डीगढ से शटल बस सेवा के द्वारा उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इसी प्रकार वापसी के लिए नजदीक बस अड्डों से प्रातकालीन शिफ्ट समाप्ति के परीक्षार्थियों की वापसी के लिए दोपहर 12.15 बजे से 13.30 बजे तक व सायंकाल शिफ्ट में परीक्षार्थियों की वापसी के लिए सांय 5.30 बजे से बसें उपलब्ध करवाई जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य बस स्टैंड तक पहली शिफ्ट के परीक्षार्थियों को लेकर लाने के लिए प्रातः 4 बजे व दूसरी शिफ्ट सांयकाल के परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 8 बजे बसें उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि परीक्षार्थी समय रहते अपने परीक्षा केंद्र में पहुंच सके। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों से अंबाला में आने वाले परीक्षार्थियों को अंबाला शहर व अंबाला कैंट के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए शटल/लोकल बस सेवा का संचालन भी किया जाएगा।

**एडवांस बुकिंग सुविधा**

अंबाला शहर से चंडीगढ, अंबाला कैंट से चंडीगढ, नारायणगढ से चंडीगढ, शहजादपुर से चंडीगढ तक प्रथम शिफ्ट के लिए प्रातः 5 बजे से तथा दूसरी शिफ्ट सायंकाल के लिए प्रातः 9 बजे से बसों का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार बराडा से अंबाला कैंट - चंडीगढ, साहा से शहजादपुर - चंडीगढ, कालपी से नारायणगढ -चंडीगढ, दोसडका से अंबाला कैंट - चंडीगढ, मटहेडी शेखां से अंबाला शहर - चंडीगढ रूटों के लिए प्रथम शिफ्ट में प्रातः 4 बजे व दूसरी शिफ्ट में प्रातः 8 बजे से बसों का संचालन किया जाएगा। कोई भी परीक्षार्थी एडवांस बुकिंग सुविधा के लिए **hartrans.gov.in/advance-booking-forcet**2025/ पर जाकर अपनी एडवांस बुकिंग कर सकता है।

**इनसे संपर्क करें**

साथ ही अंबाला कैंट बस अड्डा 0171-2640821, इंचार्ज विजेंद्र सिंह (निरीक्षक) 9896825852, अंबाला शहर बस अड्डा 0171-2556388, इंचार्ज रविंद्र कुमार (संस्थान प्रबंधक) 9466728890, नारायणगढ़ बस अड्डा 01734-284038, इंचार्ज अशोक कुमार (निरीक्षक) 7082066080, इंचार्ज जसबीर सिंह (उपनिरीक्षक) 9671590602, शहजादपुर बस अड्डा अमर नाथ 9466661949, बराडा बस अड्डा 9466661949, दोसडका चौक जसबीर सिंह 9050196810, मटहेड़ी शेखां चौक रमेश चंद्र (मुख्य निरीक्षक) 9466287196, कालपी चौक सुनील दत्त 9466260392, साहा चौक, सुनील कुमार 9466540334 पर संपर्क किया जा सकता है।

# शिवरात्रि पर बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय, कांवड़ियों ने भी किया जलाभिषेक

## भक्तों ने दूध से बाबा का किया अभिषेक, हरिद्वार से लौटने लगे थे कांवड़िए

- सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सावन की शिवरात्रि पर बुधवार को शिवालयों में कांवड़ियों और भक्तों ने भोले बाबा के शिवलिंग पर जलाभिषेक दिया। इसके साथ ही भक्तों ने दूध के साथ भी बाबा का अभिषेक किया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगी रही। मंगलवार रात से अंबाला छावनी के हाथीखाना प्राचीन शिव मंदिर में कांवड़ियों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान बम बम भोले के जयकारों से नगरी गुंज उठी। छावनी के हाथीखाना कैलाश शिव मंदिर, रानी का तालाब प्राचीन शिव मंदिर, हिल रोड सनातन धर्म मंदिर, लाल कुर्ती बाजार सनानत धर्म शिव मंदिर, स्टाफ रोड सनातन धर्म मंदिर, बीसी बाजार शिव मंदिर, बीसी बाजार गौरी शंकर मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के सुबह चार बजे से पहले ही कपाट खुल गए। कपाट खुलते ही कांवड़ियों और भक्तों की भींड़ जुटने लगी। इसके बाद मंदिरों में सुबह की आरती हुई। आरती के बाद कांवड़ियों और भक्तो ने जलाभिषेक करना शुरू किया। दोपहर तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इससे पहले



**अंबाला।** शिवरात्रि पर मां के साथ जलाभिषेक करती चित्रा सरवारा।

शिवरात्रि पर विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर कांवड़ियों का तांता लगना शुरू हो गया था। इसके लिए सभी कांवड़िए हरिद्वार से विभिन्न तरह की कांवड़ लेकर मंगलवार की देर शाम तक अंबाला छावनी के संत निवास और ग्रेस बैंक्वेट हाल के कांवड़ शिविर में पहुंच गए। इस दौरान अंबाला की नगरी बम भोले के जयकारों से गूंज उठी। हरिद्वार से जल लेकर पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल की ओर जाने वाले कांवड़ियों का मंगलवार सुबह से लेकर रात तक सिलसिला चलता रहा। इसके साथ कांवड़ शिविर में कांवड़ियों का दिनभर मेला लगा रहा। सुबह से ही कांवड़िए डाक कांवड, बैठी कांवड़, झूला कांवड़, रथ कावंड, बटरफ्लाई कांवड़, नंदी, शिव पार्वती कांवड़, लाइट वाली कांवड़ लेकर बाइक, ट्रैक्टर ट्राली, टाटा ऐस, ऑटो, साइकिल, जीप, पैदल व अन्य वाहनों में कांवड़ लेकर पहुंचे।



**बराड़ा।** मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### बराड़ाः हजारों श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में मत्था टेकर भोले बाबा का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को हरि मंदिर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर माथा टेका और शिवलिंग पर जल अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

कीर्तन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के प्रधान दीपू मक्कड़ ने बताया कि सावन मास की शिवरात्रि पर प्रतिवर्ष मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अनेक श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान भजन गायन की प्रस्तुति अशोक तनेजा और भारत भूषण मक्कड़ द्वारा दी गई जिन्होंने भक्तिरस में सभी को सराबोर कर दिया।

मंदिर के पंडित श्री कृष्ण उपाध्याय ने शिवरात्रि के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन शिवभक्तों के लिए अत्यंत विशेष होता है। इस दिन शिव पूजन, अभिषेक और जल अर्पण का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर नपा सदस्य अमित मक्कड़, संजीव ठाकुर, सुरेश मक्कड़, तिलक राज कालड़ा, नरेश पाहवा, मनोज सभरवाल, पार्थ मक्कड़ और भव्य सलूजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



**अंबाला।** सर्च अभियान के दौरान लोगों से पूछताछ करती पुलिस।

# बांग्लादेशियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

- एसपी बोले-हर किरायेदार की सूचना पुलिस को दें, विदेशी नागरिक की सूचना न देने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बांग्लादेशी नागरिकयों की धरपकड़ के लिए बुधवार को पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन के निर्देश पर एसपी अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में यह सर्च अभियान 14 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान बाहर से आकर रहने वाले संदिग्ध लोगों, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को चेक किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाहर से आकर रह रहे लोगों की पहचान करना विशेष कर वह व्यक्ति जिनकी नागरिकता संदिग्ध है। जैसे कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व दूसरे नागरिक शामिल हैं। इस विशेष अभियान के दौरान अगर संदिग्ध व्यक्ति या अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिक पाए जाते हैं तो ऐसे लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस, गुप्तचर विभाग, सुरक्षा एजेंसियों को सौंपी गई है । इस अभियान के दौरान बुधवार को अंबाला छावनी क्षेत्र कबाड़ी बाजार के पास गुड़गड़िया नाला झुग्गी झोपड़ी,फुटबॉल चौक मेट्रो मोटर के पीछे ,12 क्रॉस रोड कॉलोनी अंबाला छावनी क्षेत्र को चैक किया गया। इसी प्रकार थाना महेश नगर क्षेत्र न्यू प्रीत नगर व न्यू जनकपुरी कॉलोनी में भी सर्च अभियान चलाया जाएगा। इस चेकिंग अभियान में स्थानीय प्रबंधक थाना गुप्तचर विभाग व सुरक्षा एजेंसियां शामिल रही। इसी संबंध में लोगों को पहले भी सूचना दी गई है कि अगर आपके पास कोई किराएदार या नौकर रह रहा है और उसकी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुई है तो उसकी पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।

# क्लस्टर योग टूर्नामेंट के अंडर-19 गर्ल्स का खिताब डीएवी बराड़ा को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 के अंतर्गत क्लस्टर लेवल योग टूर्नामेंट का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पंचकूला, यमुनानगर और अंबाला जिलों के 8 डीएवी स्कूलों से कुल 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट को तीन समूहों में आयोजित किया गया, जिसमें सभी योगासन टीम वाइज़ निर्धारित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने की जबकि मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में मेजर आरएन कपूर के प्रिंसिपल रहे। निर्णायक मंडल में शिक्षा विभाग के शमशेर सिंह, कुलदीप सिंह, आयुष विभाग से धर्मवीर सिंह, नरेंद्र सिंह तथा प्रीति राठी ने निष्पक्ष भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाणी, अमिता और तनु प्रिया ने सहायक

**प्रतियोगिता में विजेता छात्र स्टाफ के साथ**



भूमिका निभाई। इस योग स्पर्धा के आयोजन प्रभारी रहे राजेंद्र देशवाल, रविंद्र शर्मा, नीरू शर्मा, डॉ. नीरज ऋषि और सिंपल रानी। मंच संचालन नीति जैन ने किया। अंडर-14 (गर्ल्स) में डीएवी बराड़ा प्रथम, केएल. डीएवी पंचकूला द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-14 (बॉयज) में डीएवी बराड़ा प्रथम, मुरलीधर डीएवी, अंबाला सिटी - द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-17 (गर्ल्स) वर्ग में पुलिस डीएवी, अंबाला सिटी प्रथम रहा।

### लिपिक की बहाली को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** अंबाला कैंट यूनिट के आह्वान पर सभी सब यूनिटों में लिपिक गुरविंदर के निलंबन के विरोध में बिजली कर्मचारियों का धरना 10 वें दिन भी जारी रहा। कैंट यूनिट के अधीन सभी सब यूनिटों में धरना प्रदर्शन 1 घंटे और नंबर 2 सब यूनिट में दो घंटे का किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने कहा कि धरना प्रदर्शन की दशा और गति बिलकुल सही दिशा में चल रही है। कर्मचारियों को धैर्य रखने की जरूरत है। आवेश में कोई गलत फैसला नहीं लेना है। यूनिट बिल्कुल सही तरीके से धरने को संगठित करके आगे चला रही है।

# जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए चार हजार किमी की पदयात्रा पर निकले गौरव

- विद्यार्थियों से जंक फूड से दूर रहने का किया आग्रह कहा-जंक फूड की वजह से बीमार हो रहे हैं छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें "भारत अन्न शुद्धि पदयात्रा" विषय को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4000 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले गौरव त्यागी ने विद्यार्थियों के साथ अपनी पदयात्रा के विषय में चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनकी इस पैदल यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के लोगों को शरीर, मस्तिष्क, आहार, पर्यावरण एवं कृषि के स्तर पर 'शुद्धि' और जागरूकता की प्रेरणा देना है। शारीरिक और मानसिक शुद्धिकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना।

**छात्रों को संबोधित करते गौरव त्यागी**



जैविक खेती को बढ़ावा देना तथा रासायनिक उर्वरकों से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को सचेत करना है। पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन शैली के महत्व को समझाना। स्वदेशी उत्पादों और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से जंक फ़ूड को छोड़कर शुद्ध भारतीय भोजन को खाने के लिए प्रेरित किया। जंक फ़ूड खाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर धीरे-धीरे बुरा असर पड़ता है।

# जुआ खेलते 23 आरोपी काबू 86,672 रुपये बरामद

**अंबाला।** पुलिस द्वारा जुआरियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान थाना अंबाला छावनी क्षेत्र रामबाग से पुलिस ने जुआ खेलने के मामले में 21 आरोपियों को जुआ खेलने के मामले में काबू कर 76,632 रुपये बरामद किए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने थाना महेशनगर क्षेत्र के केडी अस्पताल के पास से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के मामले में आरोपी नरेश कुमार व रितेश को काबू किया है। आरोपियों



से पुलिस ने 10,040 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा पिछले दिनों थाना अंबाला शहर क्षेत्र में सूचना के आधार पर इसी प्रकार कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**त्योहार** | **सीएम की पत्नी सुमन बोली महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार चला रही है कई योजनाएं**

# तीज पर सीएम की पत्नी ने बहनों को कोथली भेजकर किया स्नेह प्रकट, महिलाओं ने सुमन को भेंट किया चूड़ा

*रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं ने तीज के गीतों से खूब मचाया धमाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि तीज जैसे पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं की अमूल्य धरोहर हैं। ये समृद्धि, खुशहाली और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं। वे बुधवार को राजकीय महाविद्यालयमें भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर सुमन सैनी ने कहा कि तीज का पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता ऐसी है कि सावन मास में यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है। हरियाली हमारे कृषि प्रधान देश में खुशहाली का



**नारायणगढ़।** तीज महोत्सव में सुमन सैनी को सम्मानित करती महिलाएं व कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

प्रतीक मानी जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने क्षेत्र की महिलाओं के लिए पारंपरिक कोथली भेजकर बहनों के प्रति स्नेह प्रकट किया है। महोत्सव में पहुंचने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, महिला मोर्चा जिला प्रधान बीनू गर्ग, मंडल अध्यक्ष जगदीप कौर, प्रीतपाल कौर मक्कड़, मंजू कौशिक, ममता सैनी, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने फूलों के गुलदस्तें देकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व महिलाओं ने तीज पर्व के पारंपरिक अंदाज में सुमन सैनी को चूड़ा और मोतियों की माला पहनाकर उनका यहां पहुंचने पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव को आनंदमय बना दिया। सैनी ने महिलाओं से हरियाली तीज के अवसर पर एक-एक पौधा लगाने और उसका पालन पोषण करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए लाडली योजना, लखपति दीदी योजना, पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण जैसी अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के लिए कई प्रभावी योजनाएं लागू की गई हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बंतो कटारिया ने महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व महिलाओं को आत्मनिर्भर और संगठित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लाडो योजना की जानकारी भी दी। इस योजना के तहत लाभ पात्र महिलाओं को 2100 रुपये की राशि दी जाएगी। तीज महोत्सव में सोनिया को 'मिस तीज' और नीलम को रनर अप चुना गया। कार्यक्रम में सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी, जगपाल सैनी, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्मचंद गोल्डी, नीलू गोयल, नपा उपाध्यक्ष आईना गुप्ता, नपा सदस्य रानी धीमान, सुरजीत सिंह मक्कड़ व अन्य गणमान्य महिलाएं और भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।